सर्पोटिव सुपरविजन भ्रमण आख्या
जनपद जौनपुर
दिनांक 15, 16 एवं 17 सितम्बर, 2016.11.19

राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई से तीन सदस्यीय भ्रमण टीम डा0 प्रवीन कुमार श्रीवस्तव , उपमहाप्रबंधक, ई0एम0टी0एस0, श्री गौरव सहगल, परामर्शदाता, कम्युनिटी प्रोसेस एवं श्री अरविंद सिंह कार्यक्रम समनव्यक, मानव संसाधन द्वारा जनपद जौनपुर की विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों का

सर्पोटिव सुपरविजन भ्रमण दिनांक 15, 16 एवं 17 सितम्बर, 2016 को किया गया है। जिसकी बिन्दुवार आख्या निम्नवत है–

➢ जिला महिला चिकित्सालय जौनपुर–(एफ0आर0यू0)

- जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को प्रदान किये जाने वाली की धनराशि का वितरण अद्यतन नहीं था। वित्तीय वर्ष 2016–17 में माह अप्रैल से सितम्बर 2016 तक की अवधि में कुल 2228 प्रसव कराये गये जिसके सापेक्ष केवल 1519 लाभार्थियों का ही भुगतान पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से किया गया था। प्रसव के उपरान्त यथाशीघ्र लाभार्थी के खाते में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से धनराशि अवमुक्त किये जाने का सुझाव दिया गया।
- जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक रिकार्ड जैसे– लेजर, कैशबुक अद्यतन नही पाये गये। पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से भुगतान न हुये जे0एस0वाई0 लाभार्थियों का रिकार्ड भी उपलब्ध नहीं था।
- लेबर रूम में लेबर टेबल में जंग लगा हआ था, लेबर टेबल पर कैलिस पैड एवं मैट्रिक्स नहीं थे लेबर रूम बहुत ही गन्दी हालत में था।
- प्रसव कक्ष में प्रोटोकाल पोस्टर नहीं डिसप्ले थे।
- वेस्ट मैनेजमेंट हेतु colour coded dustbins उपयोग में नहीं लाये जा रहे थे।
- प्रसव के पश्चात लाभार्थियों को जे0एस0वाई0 प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा था।
- आ0ई0ई0सी0 के तहत ए.एन.सी./पी.एन.सी. वार्डों में दिवाल लेखन नहीं कराया गया था और एफ.बी.एन.सी. एवं जननी सुरक्षा कार्यक्रम के प्रोटोकाल पोस्टर भी उपलब्ध नहीं थे।
- स्वास्थ्य इकाई में ड्रग लिस्ट डिस्पले थी पर बिजिबल नहीं थी जिसे दोबार ा पेन्ट कराने के लिए कहा गया।

➢ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–मछली शहर (नान एफ.आर.यू.)

- वेस्ट मैनेजमंट हेतु colour coded dustbins उपयोग में नहीं लाये जा रहे थे। पलेसेन्टा के निस्तारण की समुचित व्यवस्था नहीं पाई गई।
- लेबर रूम में उपलब्ध 03 लेबर टेबल में से किसी भी टेबल में कैलिस पैड में हवा नहीं थी एवं दो लेबर टेबल के बीच में पार्टीशियन भी नहीं था। लेबर रूम में अटैच्ड बाथरूम क्रियाशील नहीं पाया गया एवं उसमें पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं थी।
- लेबर रूम में केवल एक ट्रे उपलब्ध थी जिसमें समस्त दवाईयां उपलब्ध नहीं पायी गयी।
- लेबर रूम रजिस्टर प्रिन्ट नहीं कराया गया एवं पार्टोग्राफ भी नहीं भरा जा रहा था।
- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों कों दिये जा रहे भोजन एव ंनाश्ते का विवरण निर्धारित प्रारूप / अभिलेख के रूप में उपलब्ध नहीं था।

- **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–डोभी**
  - एम0एन0एच0 टूल किट मानकानुसारा लेबर रूम में 04 ट्रे नहीं पाई गई। लेबर रूम में दो लेबर टेबल के मध्य स्क्रीन पार्टिशन नहीं पाया गया।
  - बेड हेड टिकट पुराने फार्मेट में एवं पार्टोग्राफ नहीं भरा जा रहा था।
  - ए0एन0एम0 का एस0बी0ए0 प्रशिक्षण नहीं हुआ है जिस कारण वह बी0एच0टी0 एवं पार्टोग्राफ के बार` में अनभिज्ञ थी।
  - समुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र, पनवाडी 30 बिस्तरे वाली नान– एफ0आर0यू0 इकाई थी जिसमें 60 से 70 प्रसव का मासिक प्रसव भार पाया गया।
- **उपकेन्द्र–चन्दवक**
  - आ0ई0ई0सी0 के तहत ए.एन.सी./पी.एन.सी. वार्डों में दीवाल लेखन नहीं कराया गया लेकिन एफ.बी.एन.सी. प्रोटोकाल पोस्टर भी उपलब्ध थे। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं से सम्बन्धित संदेश/सुचनाओं का लेखन कराये जाने का सुझाव दिया गया।
  - प्रसव के पश्चात लाभार्थियों को जे0एस0वाई0 प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा था।
- **आर0आई0 सत्र– शिवपुरा कुद्दुपुर एवं डीहजहानिया।**
  - डीहजहानियां उपकेन्द्र को छोड़कर अन्य जगह एम0सी0पी0 कार्ड उपलब्ध नहीं था।
  - वैक्सीन तथा डाइल्यूएंट चार आइस वाले वैक्सीन कैरियर में जिपर युक्त थैली के अंदर उपलब्ध पाए गए।

(अरविंद सिंह)

पी0सी0, एच0आर0

(डॉ0 पी0 के0 श्रीवासतव)

उपमहाप्रबन्धक, ई0एम0टी0एस0